# सामाजिक समाचार

### देश में 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा दिवस धूमधाम से मनाया

**लखनऊ :** अ.भा. विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा विश्वेसरिया सभागार लखनऊ में विश्वकर्मा पूजा दिवस पर विश्वकर्मा पूजा समारोह में मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय से सेवा निवृत न्यायमूर्ति रविन्द्र सिंह जी एवं अन्य विभूतियों का सम्मान किया गया। विश्वकर्मा समाज के एच.ए.एल. लखनऊ के पूर्व महाप्रबंधक श्री सी.के. विश्वकर्मा, लखनऊ बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा, रेड ब्रिगेड की संस्थापक तथा राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत श्रीमती उषा विश्वकर्मा, के. न्यूज चैनल के सम्पादक पत्रकार श्री सुभाष विश्वकर्मा, श्री विश्वकर्मा किरण के सम्पादक श्री कमलेश प्रताप विश्वकर्मा, समृद्धि न्यूज के संवाददाता डॉ. मुकेश विश्वकर्मा आदि को शॉल, मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति मा. श्री एच.एन. तिलहरी ने की। विशिष्ठ अतिथि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति माननीय श्री अनुराग रस्तोगी, नेता विरोधी दल विधान सभा श्री राम गोविन्द चौधरी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल, राज्य मंत्री डॉ. रामदुलार राजभर, श्री अच्छे लाल पूर्व मंत्री, विशिष्ठ सचिव विधान सभा श्री सी.पी. शर्मा आदि उपस्थित हुए।

मंच संचालन राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश विश्वकर्मा व प्रदेश महासचिव श्री राकेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। स्वागताध्यक्ष श्री अच्छे लाल विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष अ.भा. विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा थे। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामआसरे विश्वकर्मा पूर्व मंत्री द्वारा सभी पदाधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सिवाना :** अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ तहसील सिवाना द्वारा विश्वकर्मा पूजा दिवस एवं अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ का स्थापना दिवस मनाया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संघ की ओर से राजकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश महासचिव श्री जीत जांगिड सिवाना, तहसील संयोजक श्री महेन्द्र जांगिड तहसील अध्यक्ष श्री मुकेश वी. जांगिड, सहकोषाध्यक्ष श्री नीरज जांगिड, महासचिव श्री कुलदीप जांगिड, सचिव श्री श्रवण बुढड़ आदि सहित कई समाज बन्धु उपस्थित रहे।

**चैन्नई :** विश्वकर्मा मन्दिर चैन्नई में विश्वकर्मा पूजा दिवस पर श्री जांगिड ब्राह्मण समाज चैन्नई के संयोजक श्री गोपाल मांकड और अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रादेशिक सभा तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष श्री चौखा राम माकड की उपस्थिति में पूजा की गई।

**गाँधीधाम :** जांगिड समाज वाड़ी पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ विश्वकर्मा पूजा, यज्ञादि श्रद्धाभाव के साथ सम्पन्न हुआ। विश्वकर्मा एकता मंच द्वारा मोटरसाइकिल रैली युवाओं द्वारा निकाली गई, जिसमें वाहनों को सजाकर स्टीकर व झण्डों के साथ भव्य रूप प्रदान किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री विश्वकर्मा रथ व उसके आगे चार बुलेट गाड़ियों पर केसरिया साफे में सजधज कर बैठे समाज के युवा अपने साथ विशाल ध्वज लिए चल रहे थे। उनके पीछे विश्वकर्मा वंशजों के प्राचीन समय के इंजिनियरिंग कार्यों की झांकी थी। बीच में लगभग 500 दुपहिया वाहन व कारें तथा पीछे भगवान विश्वकर्मा के चित्र के साथ देश भक्ति थीम पर झांकी व डी.जे. के आगे खुशी से नाचते युवा। ऐसा वातावरण जो देखते ही बनता था। 10 कि.मी. मार्ग में रैली का विभिन्न संस्थाओं द्वारा फूलों से भव्य स्वागत किया तथा विश्वकर्मा जी का माल्यार्पण किया, जिसमें गाँधीधाम आदिपुर प्लायवुड एण्ड हार्डवेयर व्यापारी एसोसिएशन, गाँधीधाम नगर पालिका के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा भी पायलेटिंग के साथ सुन्दर ट्राफिक व्यवस्था व मीडिया कवरेज सराहनीय था।

रैली की पूर्णाहुति के बाद अग्रणी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रासंगिक उद्‌बोधन, भामाशाह सम्मान तथा गुर्जर समाज विश्वकर्मा मन्दिर पर लगभग एक हजार लोगों द्वारा महाआरती व अन्त में सामुहिक भोज का आयोजन हुआ।

इस भव्य समारोह का आयोजन गुर्जर सुथार समाज, जांगिड ब्राह्मण समाज, गुर्जर लौहार समाज, मेवाड़ा सुथार समाज के सामूहिक संगठन श्री विश्वकर्मा एकता मंच ने किया।

**कल्याणपुर :** विश्वकर्मा मन्दिर कल्याणपुर में विश्वकर्मा पूजा दिवस पर पूजा एवं यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 40 गाँवों के सभी समाज बन्धुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव भी सम्पन्न हुआ, जिसमें श्री ठाकुरराम कल्याणपुर व उपाध्यक्ष श्री प्रतापराम डेरिया को चुना गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री विश्वकर्मा मन्दिर, श्री विश्वकर्मा छात्रावास कमेटी कल्याणपुर द्वारा किया गया।

**पाली :** श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति पाली द्वारा विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीर दुर्गादास नगर नेशनल पार्क स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में प्रात: गायत्री यज्ञ श्री हरिगोपाल सोनी एवं श्री चम्पालाल द्वारा करवाया गया। उपस्थित सभी जांगिड बन्धुओं ने हवन में आहुतियाँ देकर निर्माण के देवता व सृष्टि रचियता भगवान विश्वकर्मा जी से घर-परिवार, समाज व राष्ट्र कल्याण की कामना की। सभी समाज बन्धुओं ने अपने-अपने दैनिक कार्य में व व्यवसाय में काम आने वाले औजारों व मशीनों की कुमकुम रोली, अक्षत व पुष्प अर्पित कर सामूहिक पूजा की। अन्त में आरती की तथा प्रसादी वितरण की गई।

इस अवसर पर पुनाराम सायल, खीमाराम छड़िया, मिश्रीलाल जोपिंग, मांगीलाल लूंजा, भंवरलाल बेगड़, ढगलाराम, जगदीश चवला, एडवोकेट चन्द्रप्रकाश, हीरालाल रोहिचा, दुर्गाराम सुथार, अध्यक्ष भंवरलाल जांगिड, मंत्री ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष गणेश की माँ सहित समाज के कई समाज बन्धु उपस्थित थे।

**जोधपुर :** विश्वकर्मा पूजा दिवस पर बाईजी के तालाब स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रात: हवन, धार्मिक अनुष्ठान के बाद पूजा अर्चना व महाआरती की गई। दोपहर तक भजन, कीर्तन के दौरान भजन गायक पंकज जांगिड, नवीन ओझा, मंजू डागा, उषागिरी महाराज, प्रकाश जांगिड, मोतीलाल शर्मा व दुर्गाप्रसाद जांगिड ने भक्तिगीतों से मंत्रमुग्ध किया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष श्री रामेश्वर लाल हर्षवाल ने भजन गायकों का सम्मान किया।

विश्वकर्मा पूजा दिवस पर जांगिड अधिवक्ता संघ ने राजस्थान हाईकोर्ट परिसर स्थित विश्वकर्मा चैम्बर में पूजा अर्चना की। पूजा दिवस

पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भी की गई। पूजा दिवस समारोह में रामसुख शर्मा, कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण शर्मा, राकेश शर्मा, रामदेव जांगिड, जसवंत सुथार, कैलाश जांगिड, मोनिका जांगिड, आशा जांगिड, मीना जांगिड, निर्मला जांगिड, स्नेहलता जांगिड, मीनाक्षी जांगिड और सज्जन सिंह करणावत आदि उपस्थित थे।

**बीकानेर :** विश्वकर्मा पूजा दिवस श्री विश्वकर्मा मन्दिर लक्ष्मीनाथ चौक में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूजा अर्चना, हवन अनुष्ठान के साथ प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

**अहमदाबाद :** विश्वकर्मा पूजा दिवस पर विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल के बैनर तले बुजुर्गों का सम्मान किया गया तथा 500 से अधिक युवाओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। नरोड़ा स्थित जांगिड ब्राह्मण समाजवाड़ी से निकाली गई यह रैली 16 कि.मी. का सफर कर साबरमती विश्वकर्मा मन्दिर पहुँची। रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया।

रैली के संयोजक दिनेश कुमार जांगिड के अनुसार सम्मान समारोह में बुद्धराम शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, रतनलाल जांगिड, जोगाराम कुलरिया एवं मदनलाल जांगिड सहित पाँच वरिष्ठ समाज सेवकों को विश्वकर्मा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। युवा मण्डल के संरक्षक शशिकान्त शर्मा ने मुख्य अतिथि अजमेर निवासी श्री श्रीगोपाल चोयल एवं विशिष्ठ अतिथि डिप्टी कमीश्नर श्री चुनाराम सुथार, बाड़मेर के समाज सेवी हरीश जांगिड, मुम्बई के सामाजिक कार्यकर्ता संजय बुढड (कांग्रेस युवा नेता) का भी स्वागत किया गया। सुरेश शर्मा मित्र मण्डल के अध्यक्ष के अनुसार युवाओं को एकजुट करने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया, सभी प्रतिभागियों ने एक ही रंग के कपड़े पहने हुए, केसरिया ध्वज लहराते हुए रैली को भव्यता प्रदान की।

शर्मा हुण्डई के मालिक श्री सुरेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्होंने 60 वर्षों में पहली बार समाज की ऐसी भव्य एवं विशाल ऐतिहासिक रैली देखी है। इस अवसर पर महावीर जांगिड, श्री गोपाल चोयल, वेदप्रकाश जांगिड, बंशीलाल जांगिड एवं विकास जांगिड ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।

**सीकर :** विश्वकर्मा पूजा दिवस व सद्भावना समारोह का आयोजन विश्वकर्मा ग्रीन पार्क सीकर में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में तथा श्री डी.एन. जांगिड अधीक्षण अभियन्ता एवीवीएनएल अजमेर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर एम.एल. जांगिड डी.टी.ओ. झुंझुनूं, सुभाष शर्मा जयपुर, गजानन्द चला, वरिष्ठ पत्रकार पशुपति कुमार शर्मा, कुन्दनमल गोयल, बनवारी लाल खण्डेलसर, हरदयाल सनवाली, निर्मल खेतान, बतोर विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंचासीन हुए। प्रदेशाध्यक्ष श्री रविशंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में राजनैतिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा शिक्षा, आध्यात्म में अग्रणी समाज को संगठनात्मक एकता व समरसता के साथ राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिए ताकत दिखानी होगी। वरिष्ठ पत्रकार पशुपति कुमार शर्मा ने कार्यकारिणी को जनकल्याणार्थ के लिए धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरुतियों दहेज प्रथा, मृत्युभोज को त्यागने व शिक्षा पर जोर दिया। जिला परिषद सदस्य रेखा जांगिड, पूर्व पं. सदस्य सक्षम नन्दकिशोर ठिकरिया, महावीर प्रसाद, महेश सांखू, विश्वनाथ पलनावा, चौथमल दमन ने भी विचार रखे। अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया। समिति अध्यक्ष श्री भंवरलाल जांगिड ने सभी का आभार प्रकट किया। मंच संचालन रामकृपाल लालासी द्वारा किया गया।

**सुजानगढ़ :** जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति व विश्वकर्मा युवा मंच सुजानगढ़ की ओर से विश्वकर्मा पूजा दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजस्थानी फिल्म के नायक राम जांगिड, कृषि विशेषज्ञ सुधांशु जांगिड, सुजला कॉलेज नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष दीपक जांगिड, हास्य कलाकार मनोज मारवाड़ी, अ.भा. विश्वकर्मा छात्र व युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष बी.एन. राजोतिया, जिलाध्यक्ष संदीप जांगिड का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री तेजाराम गोठड़ीवाल ने की। समिति अध्यक्ष जनार्दन जांगिड, मंत्री बाबूलाल आसलिया, युवा मंच अध्यक्ष राकेश धामू, मंत्री अनिल, गजानन्द बोदलिया, रामकिशन धामू आदि उपस्थित हुए।

**बहरोड़ (अलवर) :** कारपेन्टर एसोसिएशन के तत्वावधान में अलवर रोड़ स्थित जांगिड छात्रावास में विश्वकर्मा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के स्लोगन से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्यमी श्री संजय जांगिड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री खेमचन्द जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर द्वारा की गई। विशिष्ठ अतिथियों में श्री अनिल जांगिड, मुकेश जांगिड, सुनिल जांगिड, राजेश जांगिड, शिंभूदयाल, रामजीलाल थे। अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर दिव्यांग को आर्थिक सहायता के लिए 81 हजार रुपए दिए गए। समारोह में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने व संगठित रहकर समाज सेवा के कार्यों में महत्ती भूमिका निभाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष चिरंजीलाल, सत्यप्रकाश, मनोज जांगिड, डॉ. शिवराम जांगिड, अरविन्द, महेशचन्द, लीलाराम, रामपाल, दीनदयाल, पूर्णचन्द, महेन्द्र जांगिड, जलेसिंह, मदनलाल, राधेश्याम, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहे।

**जयपुर :** विश्वकर्मा पूजा दिवस पर कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति जयपुर शाखा मुरलीपुरा द्वारा विश्वकर्मा पूजन व शपथ समारोह का आयोजन विश्वकर्मा मन्दिर रोड़ नं. 2 वी.के.आई. एरिया में रखा गया। अतिथियों में महामंत्री श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश सभा राज., जांगिड विकास समिति दादी का फाटक के अध्यक्ष श्री चन्द्र दत्त जांगिड व जयपुर कारपेन्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामचरण जांगिड व संरक्षक श्री रामअवतार पिलवाल तथा कारपेन्टर एसोसिएशन की विभिन्न शाखाओं के अध्यक्षों ने शिरकत की। विश्वकर्मा पूजा से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा शाखा अध्यक्ष कैलाश जी द्वारा अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण कर किया गया। मुरलीपुरा शाखा की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ अतिथियों द्वारा दिलवाई गई। कारपेन्टर एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन अब प्रदेश स्तर पर हो गया, यह जिलाध्यक्ष श्री रामचरण जांगिड एवं श्री रामवतार पिलवाल द्वारा बताया गया। इसके प्रदेश अध्यक्ष श्री रामचन्द्र जांगिड होंगें व संरक्षक श्री रामअवतार पिलवाल होंगें। विश्वकर्मा की महाआरती हुई तथा सभी ने भोजन प्रसादी का आनन्द लिया। श्री देवदत्त जांगिड द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया।

**जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, राज. जयपुर :** विश्वकर्मा पूजा दिवस की पूर्व संध्या पर जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, राज. जयपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुलाब विहार सांगानेर में रात्रि में

भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नवलकिशोर शर्मा जयपुर, सभी कार्यकारिणी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारीगण सहित सैंकड़ों समाज बन्धु उपस्थित हुए। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रात: विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

**बीकानेर :** श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पखवाड़े के अन्तर्गत श्री बीकानेर विश्वकर्मा सेवा संघ संस्थान द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह लगभग 300 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिनमें उनको स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। आयोजन को तन, मन, धन से सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद व हार्दिक आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में केसरी चन्द कुलरिया, पन्नालाल नागल, केवल चन्द आसदेव, वीरेन्द्र करल, विनोद कुलरिया, पवन माकड़, योगेश बरड़वा, भंवरलाल नागल, नारायण प्रसाद बरड़वा, ओमप्रकाश, राधाकिशन नागल, बाबूलाल बरड़वा सहित कई समाज बन्धुओं को भी सम्मानित किया गया।

**पुणे :** श्री विश्वकर्मा राजस्थानी सुथार समाज ट्रस्ट बिबवेवाड़ी पुणे द्वारा विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहा। SV RSS Trust Pune द्वारा युवाओं एवं समाज बन्धुओं को कार्यक्रम को सफल बनाने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

**उदयपुर :** उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था के संस्था भवन में दिनांक 17 सितम्बर, 2017 को विश्वकर्मा पूजा दिवस पर भगवान विश्वकर्मा पूजा का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष धूप, दीप, अगरबत्ती व माल्यार्पण के साथ भजन व आरती की। पंडित अनंतदेव शर्मा ने विश्वकर्मा चालीसा एवं शांतिपाठ का वाचन किया। समाज जनों ने इस दिवस को सौल्लास मनाया।

**-बलवन्त शर्मा** (सचिव)

**श्री विश्वकर्मा विकास समिति नागौर द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं छात्रावास के हॉल का उद्घाटन समारोह सम्पन्न**

30 सितम्बर, 2017 को श्री विश्वकर्मा विकास समिति, नागौर द्वारा 12वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं छात्रावास में हॉल का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री सी.आर. चौधरी राज्यमंत्री भारत सरकार थे तथा समारोह की अध्यक्षता की श्री देवाराम कुलरिया एवं श्री उगमाराम कुलरिया, विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष नागौर श्री रामचन्द्र उत्ता, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री महेश जांगिड, श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री श्याम सुन्दर धामू संगम विहार मन्दिर अध्यक्ष दिल्ली, श्री आर.पी. सिंह दिल्ली प्रभारी, श्री कैलाश चन्द शर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट, श्री नरेश दम्भीवाल उद्योगपति जोधपुर, श्री चिरंजीलाल अध्यक्ष छात्रावास सीकर, श्री सोहनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष नागौर, श्री खेमचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर, श्री परसाराम जांगिड पूर्व सरपंच, श्री रामकिशन फरड़ौद, श्री चुन्नीलाल परबतसर, समाज कल्याण अधिकारी (आर.ए.एस.) श्री जयप्रकाश जांगिड, ताऊसर सरपंच श्री आसाराम भाटी, श्री मदनलाल जांगिड, पांचौडी सरपंच श्री देवाराम, डॉ. हरिकिशन सुथार, श्री भंवरलाल कुसुम्बिवाल युणवा, श्री बंकट लाल जांगिड, श्री गिरिराज दिल्ली, श्री हरिशंकर जांगिड जयपुर पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री नरेन्द्र सीकर, श्री राजेश जांगिड फूड इंस्पेक्टर आदि उपस्थित हुए।

सर्व प्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। अतिथि देवो भव: की राजस्थानी परम्परानुसार सभी मंचासीन अतिथियों का साफा बंधवाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लगभग 120 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा बालसागर ताऊसर स्थित श्री विश्वकर्मा छात्रावास में नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को अब शिक्षा को आधुनिक तरीकों से ग्रहण करके अपने देश में ही नहीं विदेशों में भी अपना परचम लहराना है।

श्री महेश जांगिड ने शिक्षा की गुणवत्ता से समाज व देश का विकास किया जा सकता है, शिक्षा को तपस्या के रूप में ग्रहण करने वाला समाज ही प्रगतिशील समाज होगा। श्री सोहनलाल जांगिड ने कहा प्रतिभा सम्मान जैसा आयोजन हमारे लिए गौरव का विषय है तथा ये बच्चों को जागरुकता व शिक्षा में आगे बढ़ाने में प्रेरक का कार्य करता है। श्री चिरंजीलाल सीकर द्वारा अपने उद्‌बोधन में बताया कि शिक्षा के मन्दिर इस छात्रावास में यह आयोजन किसी महाकुम्भ से कम नहीं है। दुनिया में वर्तमान में सबसे ज्यादा ताकत शिक्षा में ही है। किसी भी समाज को अग्रणी आने के लिए शिक्षा एवं संगठन ही आवश्यक होता है।

समिति के कोषाध्यक्ष श्री प्रेमचन्द हर्षवाल ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं अध्यक्ष श्री जंवरीलाल जांगिड (अठवासिया) द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मीडिया प्रभारी श्री अशोक कांगनिया के अनुसार कार्यक्रम संचालन में देवानन्द, गणपत, अणदाराम, हनुमान लखेरा, पुखराज बरड़वा, गोविन्द कुलरिया, दिनेश हर्षवाल, श्रवण नागल, महावीर जांगिड, गजेन्द्र अठवासिया एवं जितेन्द्र अठवासिया ने सहयोग दिया।

मंच संचालन श्री नन्द किशोर जांगिड (कार्यकारी सदस्य समिति एवं भाजपा उपाध्यक्ष) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री भंवर कुलरिया सचिव, श्री पुखराज पाखरवड़, श्री कानाराम करेल, श्री कन्हैयालाल बरड़वा, श्री भगवान प्रसाद बरड़वा, श्री रामचन्द्र बरड़वा, श्री मदनलाल, श्री हनुमान प्रसाद बरड़वा, श्री महावीर जांगिड, श्री अरूण, श्री कैलाश, श्री राम किशोर, श्री धर्माराम अठवासिया, श्री सीताराम जांगिड (आकाशवाणी), श्री जगदीश नागल, श्री बाबूलाल माकड़ श्री बालाजी, श्री गोविन्द कुलरिया, श्री पुखराज एकाउंटेण्ट जयपुर, श्री मांगीलाल मास्टर देशवाल, श्री मोतीराम जांगिड पायल, श्री गणपत जांगिड मकराना आदि ने उपस्थिति दी।

**-अशोक कांगसिया** (मीडिया प्रभारी)

**जिला सभा झुंझुनूं द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

24 सितम्बर, 2017 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा झुंझुनूं द्वारा चतुर्थ जांगिड प्रतिभा सम्मान समारोह वर्ष 2016-2017 का आयोजन सामुदायिक विकास भवन, इन्दिरा नगर, झुंझुनूं में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री रामजीलाल जांगिड पूर्व सांसद हिसार थे।

समारोह की अध्यक्षता श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनूं द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में श्री रूपचन्द सुथार (ए.डी.जे.) भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री रामगोपाल सुथार, श्री बसंत शर्मा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चुरू, डॉ. नागरमल शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा

हिसार, श्री एन.एल. जांगिड वरिष्ठ अधिवक्ता फरीदाबाद, श्री सीताराम जांगिड भामाशाह, बैंग्लुरु सरपंच छोटेलाल, समाजसेवी श्री गंगाधर जांगिड (गोडिया) उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भगवान विश्वकर्मा एवं पूजा आराधना, गणेश स्तुति एवं विश्वकर्मा जी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत गान हुआ। जिलाध्यक्ष एवं समारोह के अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परिचय करवाया गया।

सभी अतिथियों का जिला सभा पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। समाज की 611 प्रतिभाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में 80% से ज्यादा प्रतिभाएं छात्राएं थीं। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री रामजीलाल जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में कहा समाज जो शिक्षित होगा वही उन्नति करेगा। सामाजिक संगठनों को युवा वर्ग का हौसला बढ़ाने के लिए प्रतिभा सम्मान, अभिनन्दन समारोह आदि का आयोजन करना चाहिए। शिक्षा से ही देश व समाज का विकास होता है। देश के विकास के लिए बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

अध्यक्ष श्री मनरूप जी के निवेदन पर समाज सेवी एवं भामाशाह श्री सीताराम जांगिड बैग्लुरु द्वारा 5 लाख रु., श्री नरोत्तम लाल जांगिड वरिष्ठ अधिवक्ता फरीदाबाद द्वारा शहर में छात्रावास की भूमि के लिए 5 लाख रु. की घोषणा की तथा श्री गंगाधर गोडिया द्वारा भी 1 लाख रु. का सहयोग देने की घोषणा की।

इस अवसर पर सरपंच भोजासर श्रीमती बबीता जांगिड, दीपा जांगिड पूर्व सरपंच, श्यामलाल, मातादीन जांगिड पं.स. सदस्य, राजेन्द्र जांगिड सरपंच सोटवारा, रामदेव जांगिड चिराना, बजरंग लाल जांगिड, रामगोपाल जांगिड पूर्व सरपंच, शिव कुमार जांगिड, पीरामल जांगिड, पुरुषोत्तम लाल जांगिड, महेश चन्द जांगिड, राधेश्याम जांगिड, लक्ष्मीकान्त जांगिड, प्रहलाद राय जांगिड, धर्मपाल जांगिड सरपंच, नरेन्द्र जांगिड सीकर, विनोद जांगिड, कृष्णकुमार जांगिड, ओमप्रकाश जांगिड सीकर, मोहनलाल चोयल, बाबूलाल जांगिड, प्रभुदयाल जांगिड, श्याम सुन्दर आसलिया, रामवतार जांगिड, कैलाश चन्द जांगिड, प्रदीप जांगिड, कन्हैयालाल जांगिड, बशेसर दयाल जांगिड, गीगराज जांगिड, मनोहर लाल जांगिड, रविकान्त जांगिड, कैलाश जांगिड एडवोकेट, सुनील सीदड़, सम्पत जांगिड, सुशील जांगिड आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रसाद एवं भोजन व्यवस्था महादेव प्रसाद भोलाराम जांगिड सेवा सदन ट्रस्ट बास नानग अजाड़ी कलां श्री एन.एल. जांगिड वरिष्ठ अधिवक्ता के सौजन्य से की गई।

मंच संचालन श्री नन्दलाल जांगिड एवं श्री बंशीधर जांगिड द्वारा किया गया। समारोह में समस्त जिला पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्ति, समाज बन्धु, मातृशक्ति की अच्छी भागीदारी रही।

अन्त में अध्यक्ष श्री मनरूप जांगिड द्वारा सभी अतिथियों व समाज बन्धुओं को एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**जिला सभा जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं गोठ का भव्य आयोजन सम्पन्न**

24 सितम्बर, 2017 को प्रादेशिक सभा भवन विद्याधर नगर के सामने परशुराम भवन सेक्टर 4 में जिला सभा जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं सामुहिक गोठ का आयोजन किया गया। जो जिला सभा का ऐसा प्रथम प्रयास पूर्णतया सफल रहा, जिसकी अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। अति विशिष्ठ अतिथियों में श्री बनवारी लाल जांगिड, उद्योगपति खण्डेलसर वाले, गणपति प्लाजा सीकर, श्री कैलाशचन्द लोईवाल, उद्योगपति मुख्य संरक्षक जिला सभा जयपुर कैलाश कृषि यन्त्र उद्योग बगरू, प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक श्री गिरधारी लाल जांगिड (गोवा), श्री रामरतन शर्मा उद्योगपति, कन्हैयालाल रामरतन रामपुरा डाबड़ी तथा विशिष्ठ अतिथियों में श्री रामसहाय बगवाड़ा उद्योगपति जयपुर, लखन शर्मा प्रदेश प्रभारी राजस्थान, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) महामंत्री प्रदेश सभा तथा ओमप्रकाश जांगिड सीकर थे। प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगणों में श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा आर.ए.एस. रजिस्ट्रार राज. विश्वविद्यालय, श्री जय प्रकाश शर्मा आर.ए.एस. तथा श्री आशीष शर्मा आर.ए.एस. मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा एवं ऋषि अंगिरा जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सामुहिक आरती की गई। परम्परानुसार अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर, साफा शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर किया गया। इस अवसर पर राजनैतिक क्षेत्र से श्री विक्रम सिंह विद्याधर नगर पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं श्री प्रताप सिंह खाचरियावास जिलाध्यक्ष जयपुर शहर (कांग्रेस कमेटी) भी उपस्थित हुए, जिनका सम्मान जिला सभा पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

श्री घनश्याम शर्मा पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा अतिथियों का अभिनन्दन एवं आभार प्रकट किया और जिला द्वारा आयोजित प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह पर प्रकाश डाला। लगभग 149 प्रतिभाओं को सम्मान हुआ, जिसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाएं जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा स्नातक, स्नाकोत्तर आदि एवं खेलकूद प्रतिस्पर्दाओं में भाग लेने विद्यार्थियों का माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 व 12वीं बोर्ड सी.बी.एस.ई. परीक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जिला सभा द्वारा प्रदान किए। 2 साइकिलें, एक आईपेड एवं एक लेपटॉप भी लॉटरी सिस्टम से विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। लेपटॉप श्री कैलाश चन्द लोईवाला बगरू की ओर से जिला सभा को उपलब्ध करवाया गया था। इस समारोह का मंच संचालन श्री चन्द्रकान्त शर्मा एवं श्री कैलाश शर्मा (सालीवाले) एवं श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा अपने अनूठे अन्दाज में किया और एक शानदार माहौल पूरे समारोह में देखने को मिला। सभा भवन खचाखच भरा हुआ था बाहर तक भी समाज बन्धुओं की उपस्थिति बनी रही।

इस अवसर पर श्री विक्रम सिंह, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, श्री गिरधारी लाल जांगिड (गोवा) प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा उद्बोधन हुआ। मोटीवेशनल स्पीच समाज की उभरती प्रतिभा आर.ए.एस. श्री आशीष शर्मा द्वारा दी गई, जिसमें तालियों की गूंज स्पीच के दौरान रही तथा छात्रों को भी एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में श्री देवेन्द्र शर्मा वरिष्ठ आर.ए.एस. ने भी अपने उद्बोधन में मेहनत एवं तकनीकी पर विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों को मोटीवेट किया। आर.ए.एस. जयप्रकाश द्वारा भी छात्रों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर इस समारोह में सहयोग देने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया गया तथा सामाजिक

पत्रकारों तहसील व शाखा सभा अध्यक्षों का एवं मंच संचालनकर्ता श्री चन्द्रकान्त शर्मा का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज बन्धुओं में श्री राहुल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, वयोवृद्ध समाजसेवी श्री मूलचन्द बिसायती, श्री रामगोपाल खुडाणिया, उद्योगपति श्री पूरणचन्द जांगिड झोटवाड़ा, जांगिड समाज बास सांगानेर के अध्यक्ष श्री रामसहाय जांगिड (डिब्बेवाले) श्री दीपक शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र, श्री महेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से, श्री घासीलाल जांगिड तह. अध्यक्ष फागी, श्री रामस्वरूप खटवाडिया जांगिड सेवा समिति चौमूं, श्री गिरधारी लाल भादरिया ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा पांच्यावाला, श्री मदनलाल आमेरिया पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती भारती जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती प्रभावती देवी तह. अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बगरू, श्री नवलकिशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बाबूलाल सरपंच अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक, श्री गजानंद गोगोरिया अध्यक्ष ढेहर का बालाजी, श्री रामेश्वर टटेरा पूर्व अध्यक्ष, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड चरण नदी, श्री लालचन्द सिरोठिया अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर घाट की गुणी, श्री मुकेश झाझवाड़ तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री रामबाबू जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री सूरजमल नींदड, श्री ओमप्रकाश जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा कानोता, श्री गोपाललाल जांगिड पंचायत सदस्य कानोता, श्री अशोक कुमार हरसोलिया तह. आमेर, श्री किशोरी लाल जांगिड राजेन्द्र मशीन टूल्स, श्री आनन्दीलाल जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर, श्री बद्रीलाल जांगिड बगरू, श्रीमती प्रभावती देवी महिला प्रकोष्ठ तह. अध्यक्ष सांगानेर, श्री मामराज जांगिड अध्यक्ष तह. सभा शाहपुरा, श्री महेश जांगिड जां. हस्तकला सेवा समिति, श्री बृजमोहन जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री लल्लू लाल जायलवाल अध्यक्ष शास्त्री नगर, श्री लल्लूराम जांगिड तह. अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री नाथूलाल जांगिड अध्यक्ष जांगिड धर्मशाला गोनेर, श्री योगेश कड़वाणिया, श्री राधेश्याम जांगिड एवं श्री सोहनलाल जांगिड तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री रामेश्वर प्रसाद डेरोलिया अध्यक्ष जां.वि. त्रिवेणीधाम, श्री मक्खनलाल पावटा, श्री कैलाश पावटा, श्री कमल कुमार वास्तुकार, श्री राधेश्याम जांगिड एवं श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री योगेश, श्री कमल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जयपुर, श्री मोहनलाल खटवाड़िया, श्री राजेश कुमार जांगिड (कांवट), श्री प्रभुलाल, श्री शंकर लबाना मोटरबॉडी जयपुर, श्री धर्मेन्द्र जी दूदू, श्री पी.डी. शर्मा (से.नि. बैंक अधिकारी), श्री मालीराम जांगिड (मंगलम ग्लास), श्री बाबूलाल जांगिड कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री भगवान सहाय जांगिड, श्री ओमप्रकाश चोयल विजय नगर, श्री धर्मेन्द्र पेड़वाल अध्यक्ष जां. विकास समिति दूदू, श्री गजानंद जांगिड (एईएन), श्री मनोहर लाल जांगिड (एक्सईएन), श्री आर.सी. शर्मा (एक्सईएन), श्री गोपाल पाटोदिया, श्री लालचन्द भिराणिया, श्री भंवरलाल मण्डावरा, श्री सूरज कोटखावदा, श्री बाबूलाल जांगिड अध्यक्ष तह. सभा चाकसू, श्रीमती नीलम जांगिड अध्यक्ष कुबेर समिति, श्री गोपाल लाल जांगिड अणतपुरा आदि सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

अन्त में महामंत्री जिला सभा श्री रमेश चन्द शर्मा द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों, समाज बन्धुओं एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया तथा सभी को सामूहिक गोठ में भोजन प्रसादी के लिए आमंत्रित किया।

इस आयोजन में जिला सभा के पदाधिकारियों में श्री कैलाश चन्द घसवा, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, श्री मदनलाल, श्री दिनेश जी, श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल, श्री जयनारायण जी, श्री मुकेश लावण्डीवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

## विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान एवं सामुहिक गोठ का आयोजन सम्पन्न

20 सितम्बर, 2017 को विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के तत्वावधान में हाइनेस पैराडाईज सिरसी रोड़, जयपुर में समाज के वृद्धजनों, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिनिधित्व करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया तथा सामूहिक गोठ भी रखी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द शर्मा (जांगिड) प्रसिद्ध उद्योगपति पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुजरात, भामाशाह गांधी धाम तथा समारोह की अध्यक्षता श्री विक्रम सिंह पूर्व प्रदेश सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं विशिष्ठ अतिथियों में श्री यादराम जांगिड उद्योगपति दिल्ली, श्री सोहनलाल, श्री सोमदत्त, श्री ओमप्रकाश सभी उद्योगपति दिल्ली, श्री खेमचन्द जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री चौथमल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री श्रवण जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री विष्णु जांगिड अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री संजय जांगिड पार्षद वार्ड नं. 14, दिलीप कुमार शर्मा पार्षद वार्ड नं. 17, श्रीमती मंजू शर्मा पार्षद वार्ड नं. 7 आदि मंचासीन हुए।

समारोह का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया तथा सामुहिक आरती हुई।

इस अवसर पर विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर, दुपट्टा, शॉल, साफा पहनाकर तथा प्रतीक चिह्न एवं सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया।

सम्मान की कड़ी में 27 समाज के वरिष्ठजनों का दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राहुल जांगिड द्वारा जूनियर "वुशू" प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता, श्री रोहित जांगिड "वुशू" चैम्पियनशिप में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक दो बार प्राप्त करने पर तथा इंजि. गणेशराम सुथार को "जयपुर बेल्ट" के आविष्कारक के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजेश जांगिड को भी सम्मानित किया। उच्च अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आर्टिस्ट ललित शर्मा, कबड्डी प्लेयर को भी सम्मानित किया गया। समाज के गणमान्य व्यक्तियों व पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें तह. अध्यक्ष बगरू श्री हनुमान जांगिड, श्रीमती प्रभावती देवी महिला मोर्चा तह. अध्यक्ष बगरू, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री शिवकुमार बगरू, श्री रामेश्वर देपड़ा, सामाजिक पत्रकारों में श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे,

श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री दिनेश जांगिड अजमेर ई.टीवी. से तथा एडवोकेट श्री महादेव प्रसाद कड़वानिया, श्री रामस्वरूप जांगिड झोटवाड़ा, श्री हरिनारायण जांगिड अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति, श्री नाथूलाल जांगिड सिरस वाले गुर्जर की थड़ी, श्री अशोक कुमार हरसोलिया दिल्ली रोड, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा पांच्यावाला श्री सत्यनारायण जांगिड हाइनेस पैराडाइज वाले, श्री नवरतन जांगिड, श्री रामस्वरूप चोयल बगरू, श्री दिनेश बारू, मिश्री देवी जांगिड, श्री प्रहलादराय जांगिड आदि कई गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

निःशुल्क आँखों की जाँच हेतु ''आई वर्ल्ड'' श्री राजेश जांगिड झोटवाड़ा द्वारा कैम्प लगाया गया।

विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की विभिन्न जिला, तहसील सभाओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिलवाई गई।

राजसमन्द, अलवर, झालावाड़, टोंक तथा अन्य स्थानों से विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

इस अवसर पर श्री विक्रम सिंह, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री खेमचन्द, श्री सीताराम टटेरा विश्वकर्मा युवा शक्ति के पदाधिकारियों एवं श्री नेमीचन्द शर्मा द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें खासतौर पर युवाओं को व महिलाओं को आगे लाने पर बल दिया गया। मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल द्वारा किया गया एवं उनका सहयोग दिया त्रिलोक एंकर (बाड़मेर) द्वारा। श्री नेमीचन्द शर्मा मुख्य अतिथि के करकमलों से विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की वेबसाइट www.vishwakarmajangidyuvashakti.com का लोकार्पण भी किया गया।

अन्त में श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक युवा शक्ति द्वारा सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं व अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं सभी ने सामूहिक गोठ का आनन्द लिया जोकि 1500-1600 की संख्या में थे। विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की टीम श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक, श्री महेन्द्र पंवार राष्ट्रीय संयोजक, श्री धर्मवीर जांगिड (ग्वाला) राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री विनोद जांगिड राष्ट्रीय महासचिव, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष राज., कुसुम जांगिड प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ), प्रेम कुमार जांगिड प्रदेश प्रभारी राज., श्री मनोज जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर शहर, श्री कमल जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर ग्रामीण का आयोजन को चार चांद लगाने में विशेष सहयोग रहा।

अन्त में विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धर्मवीर जांगिड द्वारा सभी अतिथियों, समाज बन्धुओं, प्रतिभाओं एवं उपस्थित महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सामूहिक गोठ में सभी पधारे समाज बन्धुओं ने आनन्द लिया।

### महर्षि अंगिरा फाउण्डेशन रिड़खला द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न

महर्षि अंगिरा फाउण्डेशन रिड़खला द्वारा विजय संकल्प विश्वकर्मा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन जांगिड ब्राह्मण सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, जिसमें समाज की 121 प्रतिभाओं को विभिन्न उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया, जिसमें 70 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

समारोह का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत किया गया। उद्बोधन हुए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कक्षा 10वीं व 12वीं व सरकारी सेवा में नवचयनित प्रतिभाएं, खेल जगत् व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को अतिथियों के हाथों से प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र जांगिड एवं कॉर्डिनेटर शंकर लाल जांगिड ने आयोजन के बारे में जानकारी दी। समारोह को सेवा निवृत व्याख्याता बेझूराम जांगिड, आर.ए.एस. देवयानी जांगिड, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, समाज सेवी राकेश जांगिड, ई.ओ. प्रमोद जांगिड आदि द्वारा इस सम्मान समारोह को प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणादायी बताया। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष शिव शंकर जांगिड ने कहा समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए इस प्रकार के आयोजन से आपस में स्नेह बनता है। फिल्म अभिनेता राज जांगिड ने कहा कि प्रतिभाओं को तराशने में ये सम्मान समारोह महत्वपूर्ण साबित होंगे। समारोह का संचालन श्री मीठालाल जांगिड ने किया तथा समारोह को तेजसिंह जांगिड, डॉ. सत्यनारायण, चिरंजीलाल आदि ने सम्बोधित किया।

### जांगिड प्रतिभा सम्मान समारोह-2017 सीकर में सम्पन्न

श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति (जांगिड छात्रावास) सीकर में 17 सितम्बर, 2017 को प्रातः 11 बजे से जांगिड समाज सीकर का प्रतिभा सम्मान समारोह समाज के वरिष्ठ नागरिक व भामाशाह रामेश्वर लाल नागवा पूर्व सरपंच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द जांगिड भामाशाह एवं उद्योगपति गांधीधाम थे। विशिष्ट अतिथि कजोड़मल जांगिड उदयपुर, राधाकिशन फड़ौद (नगौर), परसाराम (सरपंच) मेड़ता, नन्दकिशोर अठवासिया नागौर, तुलसीराम कुलरिया नागौर, बंकट लाल नागौर, बजरंगलाल जांगिड अधिशाषी अभियन्ता सीकर, रामगोपाल जांगिड उद्योगपति अजीतगढ़, मूलचन्द बरनेला रेनवाल, मक्खनलाल डीटीओ झुंझुनूं, गंगाधर गौड़िया, हरिराम जांगिड लक्ष्मणगढ़, लखन नायन, ओंकार जांगिड आर.टी.ओ., बनवारीलाल, रामनिवास राजोतिया, बद्रीप्रसाद बीडीओ, गोपीराम पालसर, भोमाराम सिंगनौर, हरदेवाराम सेवदड़ा, बाबूलाल रींगस, गिर्राज विश्वकर्मा होटल रींगस आदि अतिथि थे।

इस अवसर पर जांगिड समाज की 280 प्रतिभाओं का 10वीं 12वीं तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं जिन्होंने 10वीं 12वीं में 80% से अधिक तथा कॉलेज में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा 27 विद्यार्थियों को जिन्हें छात्रावास में अध्ययनरत रहते हुए विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन करवाया, उनको भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था द्वारा संचालित श्री विश्वकर्मा जन कल्याण कोष से 1,41,000/- (एक लाख इकतालीस हजार) की सहायता राशि का वितरण समाज के कमजोर तबके के प्रतिभावान गरीब छात्र, असहाय गरीब विधवा, दृष्टिहीन, मुकबधिर, विकलांग आदि 24 समाज बन्धुओं को सहायता राशि के चैक वितरित किए गए।

प्रतिभा सम्मान समारोह में उद्घाटन भाषण उपेन्द्र जांगिड अध्यक्ष शिक्षक संघ सीकर ने दिया, उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता ही समाज को शैक्षिक, आर्थिक, राजनैतिक रूप से मजबूत बनाएगी तथा उन्होंने कहा कि सीकर का जांगिड छात्रावास शिक्षा के क्षेत्र में सीकर नहीं पूरे देश के जांगिड समाज के सामने एक मिसाल है, जिसमें सीकर ही नहीं पूरे राजस्थान में जांगिड समाज के गरीब तबके के छात्रों के

लिए अध्ययन का अच्छा केन्द्र है। जहाँ छात्र अध्ययन करके प्रतिवर्ष लगभग 25-30 छात्र सरकारी व गैर सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपना व समाज का भविष्य संवार रहे तथा 200 के लगभग छात्र छात्रावास में अध्ययन अनुशासित रूप से कर रहे जो कि जांगिड समाज के लिए मिसाल है। इस अवसर समाज के युवा नेता रामप्रसाद जांगिड ने समाज के छात्रों को शिक्षा के साथ प्रशासनिक सेवाओं के प्रति जागरूकता व शैक्षिक, राजनैतिक रूप से आगे बढ़ने के लिए संगठन बनाकर आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर समाज के एक हजार से अधिक नागरिकगण उपस्थित थे। धन्यवाद व समापन भाषण संस्थान अध्यक्ष चिरंजीलाल खातीपुरा ने दिया तथा उन्होंने पधारे तमाम प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं समाज बन्धुओं का तहेदिल से हार्दिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम में पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित व हार्दिक आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार बेरी, ओमप्रकाश दीनवा, उपेन्द्र जांगिड ने संयुक्त रूप से किया तथा अंत में सभी उपस्थित बन्धुओं सामुहिक भोज दाल-बाटी-चुरमा का आनन्द लिया।

इससे पूर्व में 16 सितम्बर, 2017 रात्रि को सुन्दरकाण्ड का पाठ व 17 सितम्बर, 2017 को प्रातः हवन व विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर बालिका छात्रावास के लिए मदनलाल जांगिड दूजोद ने एक कमरा बनाने की घोषणा की तथा नेमीचन्द जांगिड गांधीधाम द्वारा बालिका छात्रावास की एक विंग निर्माण करवाने की घोषणा की।

रामरतन कन्हैयालाल रामपुरा डाबड़ी की ओर से सामुहिक भोज दाल बाटी चुरमा की व्यवस्था की गई।

**-नरेन्द्र जांगिड (प्रबंधक)**
जांगिड छात्रावास, सीकर

### अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ एवं विश्वकर्मा विकास संस्थान जालौर द्वारा "युवा उड़ान" समारोह सम्पन्न

24 सितम्बर, 2017 को अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ जालौर एवं विश्वकर्मा विकास संस्थान जालौर के तत्वावधान में "युवा उड़ान" विश्वकर्मा प्रतिभावान छात्र व युवा सम्मान समारोह का आयोजन विश्वकर्मा विकास संस्थान प्रांगण, सर्किट आऊस के सामने, जालौर (राज.) में आयोजित किया गया, जो ऐतिहासिक रहा।

युवा उड़ान में उपस्थित होने वाले अतिथियों में भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री चूनाराम (आई.आर.एस.), श्री मंछाराम सुथार (जज), श्री अशोक कुमार जांगिड (आई.आर.एस.), श्री अशोक सुथार (आर.ए.एस.), राजस्थान कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री पुखराज पाराशर, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य श्री राम गोपाल सुथार, समाज सेवी इंजि. प्रेमसुख, श्री मोहनलाल पाराशर पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक जालौर, श्री भंवरलाल, श्री आनन्द, श्री भंवरलाल, श्री प्रदीप माकड़, श्री हरीश मारूड़ी, श्री गणपत लाल सुथार (आर.ए.एस.), श्री मनोहर सुथार (ए.बी.वी.सी.एस.) के राष्ट्रीय सलाहकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश लेखराव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. भरत जांगिड, महासचिव श्री दिनेश सुथार, राष्ट्रीय प्रवक्ता ताजाराम, कोषाध्यक्ष श्री दीपक लेखराव, प्रचार मंत्री श्री केवा जांगिड, प्रदेश संयोजक श्री रतन सुथार, प्रदेश अध्यक्ष श्री बी.एन. राजोतिया, संयोजक मीडिया श्री कन्हैयालाल, जिला संयोजक श्री छगन, जिलाध्यक्ष श्री युवराज सुथार आदि कई विभूतियों ने भाग लिया तथा छात्रों एवं युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की संरचना में सी.ए. एवं जालौर कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन श्री मोहनलाल पाराशर की मुख्य रूप से भूमिका रही।

इस अवसर पर लगभग 500 छात्र-छात्राओं, राज्य सेवा के पदाधिकारियों एवं भामाशाहों को सम्मानित किया गया। भामाशाह, युवा समाज सेवी और श्री मनोहर सुथार द्वारा जालौर जिले की प्रतिभाओं को 6 युवा प्रतिभाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए 10-10 हजार रुपए (कुल 60 हजार) के चैक वितरित किए। इस भव्य आयोजन में लगभग 3000 महानुभावों ने अपनी सहभागिता निभाई। समारोह में न केवल जालौर वरन् जोधपुर, बाड़मेर, सिरोही, बीकानेर, पाली, जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से और मुम्बई, बैंग्लुरु, अहमदाबाद, बड़ौदरा तथा दुबई तक से महानुभाव उपस्थित हुए।

कार्यक्रम पूर्णतः प्रसिद्ध समाज सेवी एवं महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के संरक्षण में हुआ। पूर्व ओ.एस.डी. (मुख्यमंत्री) एवं गौ सेवी श्री फारूक आफरीदी जोकि संत श्री दुलाराम कुलरिया की प्रेरणा से गौ सेवा के कार्य में लगे वे भी उपस्थित हुए।

बाड़मेर के जिलाध्यक्ष श्री कमल जांगिड सहित कई जिलाध्यक्षों की उपस्थित रही। भामाशाओं द्वारा छात्रावास, मन्दिर, सभा भवन, पुस्तकालय आदि बनाने के लिए सहयोग करने की घोषणाएं की।

इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण जिला जालोर सुथार जांगिड समाज, ए.बी.वी.सी.एस. जालौर एवं प्रदेश टीम पूर्णरूपेण परिश्रम से जुटे थे, जिनकी वजह से कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक बना।

### सुथार समाज चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत द्वारा दशहरा महोत्सव सम्पन्न

30 सितम्बर, 2017 को सुथार समाज चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत द्वारा प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक सुथार समाज भटारवाड़ी सूरत में समाज के प्रतिभावान बच्चों का प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कक्षा 6 से महाविद्यालय तक के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं ईनाम प्रदान किए गए। 10वीं कक्षा में टॉपर विद्यार्थी को साइकिल तथा 12वीं कक्षा के टॉपर छात्र को लेपटॉप प्रदान किया गया। प्रतिवर्ष ये आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यादायिनी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी श्री दिनेश कुमार जांगिड (आई.आर.एस.) ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर इस उम्र में थोड़ी तकलीफ सहनकर मेहनत करेंगें तो पूरा जीवन सुखमय होगा।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री मोहनराम, श्री शंकर लाल (आई.आर.एस.), कस्टम अधिकारी श्री विनोद जांगिड, श्री ललित, डॉ. पी.आर. सुथार, श्री छोटूलाल, श्री हनुमान, श्री रामदेव, श्री सत्यनारायण, श्री माणक, श्री मंगल, श्री भंवर, श्री दिनेश, श्री हेमेश, श्री मुकेश, श्री श्रवण धामू सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

समारोह का मंच संचालन श्री श्रवण धामू एवं श्री सत्यनारायण सुथार द्वारा किया गया।

### बेटी फाउण्डेशन एवं जांगिड फाउण्डेशन द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर सम्मान समारोह सम्पन्न

27 सितम्बर, 2017 को बेटी फाउण्डेशन एवं जांगिड फाउण्डेशन की ओर से मानसरोवर स्थित माइनिंग इंजिनियर्स ऑडोटोरियम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज

के उत्थान में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 50 विभूतियों को ''आर.सी.एफ.एम. एक्सीलैन्स अवॉर्ड-2017'' से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जयपुर शहर श्री रामचरण बोहरा तथा अध्यक्षता की जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर श्री रवि गोयल द्वारा बेटी फाउण्डेशन के डायरेक्टर श्री राज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद महोदय ने कहा आज जिस प्रकार बेटियाँ अपने अथक प्रयास/परिश्रम से समाज में उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रही है, उन्हें और अधिक प्रोत्साहन की आवश्यकता है। नवरात्री में जब चारों ओर कन्याओं की पूजा की जा रही है, वहीं ऐसे समय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर आयोजित सम्मान समारोह का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

जिन विभूतियों का सम्मान किया गया, उनमें मुख्यत: राजस्थान ट्यूरिज्म एम्बेसेडर डॉ. खुशबू कपूर, इन्टिरियर डिज़ाईनर विजयमान, शिक्षाविद् कुंवर कनक सिंह, जांगिड फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा, लोकायुक्त विभाग शासन सचिवालय जयपुर से आर.ए.एस. अधिकारी श्री मुकट बिहारी जांगिड, सेल्फ डिफेंस कोच दिल्ली पुलिस से श्री अशोक चुघ, जांगिड फाउण्डेशन के सचिव श्री विक्रम जांगिड, राजनैतिक उत्थान मंच के महामंत्री श्री गितेश जांगिड, श्री गणेशमल सुथार, श्रीमती भारती जांगिड, राजस्थानी फिल्म अभिनेता श्री राज जांगिड, श्री शोभराज, कीर्ति सक्सेना आदि शामिल हैं।

**सप्तम् नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी, 2018 को कोटपूतली में आयोजन**

जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली द्वारा सप्तम नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी, 2018 (फुलेरा दोज) को श्री अंगीरा आश्रम, गोकुलसिटी गोपालपुरा रोड़ कोटपूतली में आयोजित किया जाएगा। सभी जोड़ों को राजस्थान सरकार द्वारा देय अनुदान राशि 15000 रु. प्रत्येक जोड़े को समिति उपलब्ध करवाती है तथा समिति द्वारा उपहार भी दिए जाते हैं। सामूहिक सम्मेलन में 11 जोड़ों का लक्ष्य रखा है, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर जोड़े पंजीयन होंगे। 18 वर्ष से कम उम्र की युवती एवं 21 वर्ष से कम का युवक मान्य नहीं होगा। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9887491234 (कैप्टन हेमराज अध्यक्ष)

**जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम द्वारा त्रयोदश सा.वि. सम्मेलन 31 अक्टूबर, 2017 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा एवं तहसील सभा शाहपुरा के तत्वाधान में जां.ब्रा. सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति श्री त्रिवेणी धाम (शाहपुरा) जयपुर द्वारा त्रयोदश सामूहिक विवाह सम्मेलन 31 अक्टूबर, 2017 (देवउठनी एकादशी) को श्री रामलीला भवन, त्रिवेणी धाम (शाहपुरा) में आयोजित किया जाएगा।

वर व वधु प्रत्येक पक्ष से पंजीयन शुल्क 11000/-रु. रखा गया है। एक दिवसीय सम्मेलन होने पर भात कार्यक्रम अपने-अपने घर पर ही करें।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : श्री मामराज चिचावा (अध्यक्ष तहसील) मो. 09829247361, श्री रामेश्वर प्रसाद डेरोलिया (अध्यक्ष विवाह समिति) मो. 09928896834

**नि:शुल्क आदर्श सामूहिक सम्मेलन शाहपुरा जयपुर में 31 अक्टूबर 2017 को**

श्री विश्वकर्मा जां.ब्रा. विकास एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति शाहपुरा, विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति तह. शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 31 अक्टूबर, 2017 देव प्रबोधिनीय एकादशी को रामेश्वर धाम पंचायत समिति के पास त्रिवेणी रोड़ शाहपुरा (जयपुर) में आयोजित किया जाएगा। केवल 11 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9799556214, 7610031531, 9928187552

**जांगिड ब्राह्मण सामाजिक विकास एवं सेवा समिति मण्डावरी द्वारा आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 29 नवम्बर, 2017 को**

अ.भा.जां.ब्रा. समाज जिला दौसा, तह. लालसोट एवं तहसील रामगढ़ पचवारा के तत्वावधान में जांगिड ब्राह्मण सामाजिक विकास एवं सेवा समिति मण्डावरी द्वारा आयोजित प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 नवम्बर, 2017 (राम-जानकी विवाह महोत्सव मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी) गुरुवार संवत् 2074 को किया जाएगा।

सम्मेलन में 25 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। पंजीयन शुल्क वर व वधु प्रत्येक पक्ष से 15000/-रु. रखा गया है। भतई प्रत्येक पक्ष से 2100/-रु. की राशि ली जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : सम्मेलन प्रभारी श्री प्रहलाद नारायण मो. 9672519642, अध्यक्ष श्री मोहनलाल राजोरिया मो. 9252774774, महामंत्री श्री घनश्याम रावत मो. 7568113001, कोषाध्यक्ष श्री चिमनलाल (पूर्व सरपंच) मो. 9413157679

जोड़ों का पंजीयन प्रारंभ है आप अपने जोड़े समिति को बुक करा सकते हैं।

**मालपुरा (टोंक) में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न**

8 अक्टूबर, 2017 को महेश सेवा सदन व्यास सर्कल, मालपुरा (टोंक) में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा व जांगिड ब्राह्मण मन्दिर विकास समिति मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति पूजन के साथ हुआ, जिसमें समाज सेवी श्री सीताराम गोठवाल लावा एवं जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता श्री रूपचन्द जांगिड ने सपत्नीक पूजन में भाग लिया तथा विद्वान पण्डितों द्वारा वेदोचार मंत्रों द्वारा विधि विधान से गणपति का पूजन सम्पन्न करवाया तथा श्री नन्दकिशोर पेड़वाल, रामकुंवार मारोठिया व रामस्वरूप सौकल्या सहित समाज बन्धुओं ने श्री विश्वकर्मा पूजन करवाया। दुदू से पधारे तहसील अध्यक्ष श्री रतनलाल हर्षवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

समारोह की अध्यक्षता श्री बाबूलाल जांगिड (देवड़ावास) जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि श्री बाबूलाल बूढल (सूथड़ा) प्रदेशाध्यक्ष आरा मशीन हैण्डीक्राफ्ट एसोसिएशन राज. थे।

कार्यक्रम में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। समारोह में कार्यक्रम संयोजक श्री कृष्ण गोपाल जांगिड व मन्दिर विकास समिति के श्री नन्दकिशोर सोलानिया के अनुसार टोंक जिले की सभी तहसीलों के अलावा जयपुर, अजमेर, सवाईमाधोपुर के समाज बन्धुओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। 3 दिसम्बर, 2017 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन तथा 4 दिसम्बर, 2017 मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव किया जाएगा।

सामूहिक विवाह में जोड़ा पंजीयन शुल्क 25000/-रु. वर व वधु प्रति पक्ष रखा गया है। 61 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सम्मेलन श्री जगदीश प्रसाद जायलवाल (बैंग्लुरु), प्रधान श्री घासीलाल तामडोलिया तह. अध्यक्ष मालपुरा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामनारायण ग्वाला राजपुरा, मूर्ति भामाशाह श्री रामस्वरूप बैंगवाल सीतारामपुरा, सम्मेलन संयोजक श्री पप्पू लाल सोलाणिया देशमा, संरक्षक श्री बजरंग लाल जांगिड मलिकपुर हैं।

पंजीयन हेतु सम्पर्क सूत्र : 9828256794, 9828633218, 9784820863, 9414795500

**पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण श्री अनिल काकोडकर ने कहा नॉलेज ही नहीं प्रेक्टिकल समझ भी आवश्यक है**

28 सितम्बर, 2017 को जेईसीआरसी युनिवर्सिटी में भारत सरकार के डिपार्टमेन्ट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के एनएसटीएमआईएस की ओर से आयोजित प्रोग्राम एडवाइजरी कमेटी मीटिंग के दौरान श्री अनिल काकोडकर पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण व मेम्बर एटॉमिक एनर्जी कमीशन, चैयरमेन राजीव गाँधी साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी कमीशन, चेयरमैन टीआईएफएसी ने कहा किसी भी सब्जेक्ट के लिए सिर्फ नॉलेज ही जरूरी नहीं प्रेक्टिकल समझ भी आवश्यक है। जब तक आप किसी कार्य को करोगे नहीं तो मुश्किलें आएंगी। देश भर के वैज्ञानिकों के प्रपोजल को एवेल्युएशन और ग्रांट प्रदान करने के लिए इस अवसर पर पहुँचे। जिन्दगी में चैलेन्जेस आते हैं, लेकिन मजा तो चैलेंजेस में ही है। आप डूबने के डर से तैरना तो नहीं छोड़ सकते।

अगर आप पैशन के साथ आगे बढ़ोगे तो गारंटी के साथ जीवन में ऊँचाई तक पहुँच सकते हैं। दूसरों को फोलो करोगे तो फोलोअर ही बन कर रह जाओगे। नम्बर वन बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। इंजिनियरिंग सेक्टर के अतिरिक्त भी दूसरे चुनिन्दा सब्जेक्ट की डिमाण्ड है, जिनमें आप करिअर बना सकते हैं, जैसे मैथमेटिक्स की पढ़ाई कर एक्चुरी बन सकते हैं, जिसमें इंजिनियरिंग के कोर ब्रांचेस से कहीं ज्यादा अच्छे पैकेज हैं।

आईआईटीज आंत्रप्रिन्योर्स बनने के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

**प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान के पद के उम्मीदवार श्री खेमचन्द जांगिड अलवर एवं श्री लखन शर्मा जयपुर**

26 सितम्बर, 2017 को प्रदेश भवन विद्याधर नगर, जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरे गए। नामांकन पत्र भरने वालों में श्री लखन शर्मा जयपुर, श्री खेमचन्द जांगिड अलवर, श्री हरिशंकर जांगिड जयपुर, श्री वेद्प्रकाश शर्मा जयपुर, श्री चिरंजीलाल जांगिड सीकर, श्री मनरूप जांगिड झुंझुनू ने अपने नामांकन दाखिल किए। जिनमें श्री मनरूप जांगिड का नामांकन निरस्त हुआ। श्री हरिशंकर जांगिड, श्री चिरंजीलाल जांगिड एवं श्री वेद प्रकाश शर्मा ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इस प्रकार श्री खेमचन्द जांगिड सुपुत्र श्री प्रभातीलाल जांगिड ग्राम–धोली दूब, खातीबास, जटियाला, जिला अलवर एवं श्री लखन शर्मा सुपुत्र श्री गोबिन्द राम जांगिड, 33 आर्य नगर, मुरलीपुरा, जयपुर दोनों प्रत्याशी चुनावी दौड़ में रहे।

श्री खेमचन्द जांगिड का चुनाव चिह्न आलमारी है तथा श्री लखन शर्मा का चुनाव चिह्न साइकिल है। चुनाव अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा नीमच थे।

**अ.भा.जां. ब्राह्मण महासभा दिल्ली ''प्रदेश सभा महाराष्ट्र'' के प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु निम्नलिखित प्रत्याशी हैं।**

1. श्री किशनलाल सोहनलाल बोदलिया पूणे जिनका चुनाव चिह्न जीप है।

2. श्री प्रहलाद सहाय पदमाराम चिखली जिनका चुनाव चिह्न एयरोप्लेन है।

3. श्री दुर्गाराम मदन लाल अठवासिया सोलापुर इनका चुनाव चिह्न आलमारी है।

4. श्री लक्ष्मण परली इनका चुनाव चिह्न ताला–चाबी है।

**चुनाव संबंधी सूचना**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिनांक 22 सितम्बर, 2017 (CS) 462/2057 में एक आदेश पारित किया गया, जिसके अ.भा.जां.ब्रा. महासभा के ''प्रधान'' पद का चुनाव माननीय जस्टिस महोदय श्री वी.के. गुप्ता जी पूर्व मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश बतौर ऑब्जर्वर सम्पन्न करवाये।

यह तय किया गया है कि मतदान करने का अधिकार उन्हीं सदस्यों को होगा, जो दिनांक 19 सितम्बर, 2017 तक महासभा के स्वर्ण/प्लेटिनम/रजत/विशेष समपोषक/सम्पोषक/संरक्षक/महिला एवं जांगिड ब्राह्मण पत्रिका के सदस्य होंगे। सम्पूर्ण मतदाता सूची दिनांक 5 अक्टूबर, 2017 को महासभा कार्यालय दिल्ली में उपलब्ध रहेगी। साथ ही साथ अ.भा.जां.ब्रा. महासभा की वेबसाईट www. abjbmahasabha.com पर भी अपलोड कर दी जाएगी।

यदि किसी भी सदस्य को मतदाता सूची में आपत्ति हो तो दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 तक उपरोक्त ऑब्जर्वर महोदय जिनका पूरा विवरण सूचना के अन्त में दिया जा रहा है, सम्पर्क कर सकते हैं।

साथ ही सभी सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि माननीय ऑब्जर्वर न्यायमूर्ति श्री वी.के. गुप्ता जी ने निम्नलिखित चुनाव कार्यक्रम भी तय कर लिया है।

यह चुनाव कार्यक्रम संस्था की वेबसाईट पर 5 अक्टूबर, 2017 तक अपलोड कर दिया जाएगा एवं महासभा कार्यालय में भी उपलब्ध रहेगा।

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा के 'प्रधान' पद का चुनाव निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा :–

नामांकन प्रस्तुति तिथि : दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर, 2017 समय प्रातः 11.30 बजे से सायं 4 बजे तक, नामांकन प्रस्तुति स्थान : ऑब्जर्वर महोदय का कार्यालय, Justice Shri V.K. Gupta, E-31, Jangpura Extension, New Delhi-110014

नामांकन पत्रों की जाँच दिनांक 12 अक्टूबर, 2017 समय प्रातः 11 बजे, स्थान : महासभा कार्यालय, दिल्ली

नाम वापसी : दिनांक 13 अक्टूबर, 2017, समय : प्रातः 11.30 बजे से सायं 4 बजे तक, ऑफिस : ई–31, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110014

प्रत्याशियों की घोषणा (अंतिम सूची) : दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 सायं 5 बजे, महासभा कार्यालय दिल्ली एवं संस्था की वेबसाईट पर

मतदान तिथि : दिनांक 17 दिसम्बर, 2017

नोट : 1. ज्ञात रहे कि नामांकन प्रस्तुति के समय प्रत्याशी (उम्मीदवार) सहित अधिकतम 6 या 7 व्यक्ति ही माननीय ऑब्जर्वर महोदय के कार्यालय में उपस्थित हों। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि कार्यालय में अमन एवं शांति बना रहे, जिसमें अन्य कार्यों में व्यवधान उत्पन्न न हो।

2. यदि नामांकन जाँच एवं वापसी दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 को केवल एक ही प्रत्याशी (उम्मीदवार) शेष रहे, तो निर्विरोध ''प्रधान'' पद की घोषणा उसी दिन कर दी जाएगी।

3. यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव दिनांक 17 दिसम्बर, 2017 को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न राज्यों के अलग–अलग मतदान केन्द्रों पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गुप्त मतदान द्वारा सम्पन्न करवाए जाएंगें। मतदान केन्द्रों की सूची मतदान तिथि के 15 दिनों पूर्व वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। सूची का प्रकाशन महासभा पत्रिका में भी कर दिया जाएगा। यह सूची महासभा कार्यालय में भी उपलब्ध रहेगी।

4. दिनांक 17 दिसम्बर, 2017 को सायं 5 बजे मतदान पश्चात् उसी मतदान केन्द्र पर मतदान अधिकारी टीम द्वारा मतगणना करवायी जाएगी। प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त मतों की गणना कर एक निश्चित फोर्मेट में लिखकर E-mail : jangidmahasabha@gmail.com को प्रेषित करना होगा।

5. प्राप्त मतों का संकलन कर परिणाम माननीय ऑब्जर्वर महोदय द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर, 2017 को रात्रि 10 बजे तक घोषित किया जाएगा।

–आदेशानुसार

**Justice V.K. Gupta**

E-31, Jangpura Extension, New Delhi-110014



### श्री भगवान प्रसाद बरड़वा श्री विश्वकर्मा विकास समिति नागौर के निर्विरोध अध्यक्ष बने

5 अक्टूबर, 2017 विश्वकर्मा भवन इन्दिरा कॉलोनी, नागौर में आयोजित श्री विश्वकर्मा विकास समिति की कार्य समिति की बैठक में श्री भगवान प्रसाद बरड़वा को निर्विरोध समिति का अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व गत 12 वर्षों से श्री जंवरी लाल जांगिड समिति के गठन से ही अध्यक्ष रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मदनलाल बरड़वा एवं सह चुनाव अधिकारी श्री दौलतराम अठवासिया की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुए। बैठक में सर्वसम्मति से श्री रामनिवास कडलवा को सचिव, देवानन्द बरड़वा को कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश धामू को उपाध्यक्ष मनोनीत किया तथा जितेन्द्र अठवासिया को सह सचिव नियुक्त किया गया। सदस्यों के रूप में गणपत बरड़वा, नन्दकिशोर जांगिड, गोविन्द कुलरिया, बाबूलाल माकड़, जयकिशन अठवासिया, कानाराम करेल, रामचन्द्र बरड़वा, मुरलीधर हर्षवाल मनोनीत किए गए।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष श्री रामचन्द्र उत्ता, विकास समिति के निवर्तमान अध्यक्ष जंवरी लाल, निवर्तमान सचिव भंवर कुलरिया, निवर्तमान कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द हर्षवाल, सदस्य लिखमाराम सलून, कन्हैयालाल बरड़वा, अनिल जांगिड, गोविन्द नागल एवं मनोज सहित अनेक समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

12 वर्ष पूर्व श्री विश्वकर्मा विकास समिति का गठन हुआ, जिसमें श्री जंवरी लाल को अध्यक्ष बनाया गया, उनकी अध्यक्षता में विजयदशमी पर समाज के प्रमुख नागरिकों ने मिलकर समाज के खाली पड़े भूखण्ड की सफाई कराकर शिलान्यास कर समाज के लिए एक विशाल भवन का निर्माण कर दो वर्ष उपरान्त विजयदशमी के दिन समाज को सुपुर्द कर दिया, जिसमें सर्व प्रथम 22 दुकानें, बेसमेन्ट और चार कमरों, प्याऊ और 8 सुविधाओं का निर्माण करवाया गया। उसके उपरान्त ग्रामीण क्षेत्रों छात्रों के लिए आवास की व्यवस्था के लिए एक छात्रावास का निर्माण भी शुरू करवा दिया गया। यह छात्रावास का भवन भामाशाह एवं श्री जंवरीलाल द्वारा विकास समिति को भेंट किया था और समिति द्वारा विजयदशमी के पावन अवसर पर उसका शिलान्यास कर दो वर्ष के भीतर ही एक भव्य ईमारत का निर्माण छात्रावास के रूप में कर दिया और विजयदशमी के दिन भव्य उद्घाटन कर समाज को भेंट कर दिया। जहाँ पर 13 कमरे, 8 सुविधाओं के साथ छात्रों के लिए पलंग, पंखे, टेबल, कुर्सी, वाटर कूलर, गीजर, इनवर्टर एवं किचन का सामान भी उपलब्ध करवा दिया गया।

छात्रावास के निर्माण के बाद श्री विश्वकर्मा भवन में एक विशाल हॉल का भी निर्माण शुरू किया गया। आज आस–पास के क्षेत्र के निवासियों द्वारा विवाह व अन्य समारोह के आयोजनों की बुकिंग होती है। दुकानों व इन आयोजन से प्राप्त आय को विकास समिति बच्चों की शिक्षा के विकास हेतु खर्च करती है। प्रतिवर्ष 100–150 बच्चों को कक्षा 10 में 75% व अधिक तक कक्षा 12 में 70% व अधिक एवं स्नातक स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, सरकारी सेवाओं में चयन होने वाले प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के रूप में सम्मानित करती है। 90% से अधिक अंक लाने वालों को चांदी का मेडल एवं नगद राशि भी प्रदान करती है।

इसी विजयदशमी को श्री विश्वकर्मा विकास समिति ने छात्रावास में एक विशाल हॉल का निर्माण कर समाज को समर्पित किया, जिसका उद्घाटन केन्द्रीय उपभोक्ता एवं खाद्य आपूर्ति, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री श्री सी.आर. चौधरी द्वारा किया गया।

श्री जंवरीलाल निरंतर 12 वर्षो से निर्विरोध समिति के अध्यक्ष चुने जाते रहे हैं और यह सब कार्य आपकी अध्यक्षता में ही समाज के सहयोग से सम्पन्न हुआ। 5 अक्टूबर, 2017 को वे पद त्याग कर कार्य मुक्त हुए तथा श्री भगवान प्रसाद बरड़वा जो कि विकास समिति के निवर्तमान उपाध्यक्ष थे को कार्य भार सौंपा।

**–नन्दकिशोर अठवासिया**, नागौर

### श्री विश्वकर्मा ग्रीन पार्क (सीकर) में सामाजिक सद्भावना समारोह सम्पन्न

सीकर। श्री विश्वकर्मा ग्रीन पार्क, सीकर (राज.) में श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति द्वारा रविशंकर शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा राजस्थान के मुख्य आतिथ्य एवं डी.एन. जांगिड अधीक्षण अभियन्ता AVVNL अजमेर की अध्यक्षता में विश्वकर्मा पूजा दिवस व सद्भावना समारोह मनाया गया। अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान एम.एल. जांगिड डीटीओ झुंझुनूं, सुभाष शर्मा नर्सिंग अधीक्षक एस.एम.एस. जयपुर, गजानंद जांगिड पूर्व सरपंच चला, एम.एल. जांगिड अधिशाषी अभियन्ता जलदाय विभाग जयपुर, बनवारी खण्डेलसर समाज सेवी, हरदयाल सनवाली समाज सेवी, पशुपति शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, कुंदनलाल गोयल, निर्मल खेतान बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

प्रदेशाध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए राजनैतिक जागरूकता जरूरी है। शिक्षा आध्यात्म में अग्रणी समाज को सांगठनिक एकता व समरसता के साथ राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिए

ताकत दिखानी होगी। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रधान कैलाश चन्द बरनेला के सहयोग से शिक्षा कल्याण कोष में 1 करोड़ रुपयों का स्थायी कोष एवं लगभग 20 लाख की छात्रवृत्ति वितरित की गई है। शर्मा ने सभी बंधुओं से एकता, भाईचारे व सौहार्द के लिए सबको साथ चलने की अपील की।

सुभाष शर्मा जयपुर ने समिति के स्मारिका के विमोचन पर कहा कि स्मारिका समाज का दर्पण होती है, यह जनोपयोग एवं मार्गदर्शी बनकर समाज के प्रत्येक बंधु के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने समिति द्वारा कल्याण अस्पताल, सीकर में आई.सी.यू. वार्ड, मेल वार्ड, विकलांग सहायता शिविर आदि के जनकल्याण कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

मक्खनलाल जांगिड डीटीओ झुंझुनूं ने बालिका शिक्षा, उच्च शिक्षा की ओर ध्यान खींचा। जिला परिषद सदस्य व जनवादी महिला समिति के प्रदेश संयुक्त सचिव कॉमरेड रेखा जांगिड ने हाल ही में किसान आन्दोलन की सफलता के लिए पूर्व विधायक अमराराम का आभार प्रकट किया एवं आन्दोलन में आरामशीन संचालक मजदूर यूनियन के रिछपाल कूदन, श्यामजी जांगिड, महावीर प्रसाद आदि द्वारा इक्तीस हजार रुपए के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग की बात कही।

समारोह में नंद किशोर ठीकरिया (पूर्व पंचायत समिति सदस्य), चौथमल जांगिड झड़ाया (नीमकाथाना), मक्खनलाल कोटड़ी धायलान, महेश सांखू, ब्लॉक महामंत्री कांग्रेस आई लक्ष्मणगढ़, बजरंगलाल बसावा अध्यक्ष जां.ब्रा. संस्थान लोहार्गल-गोल्याण, विनोद अजाड़ीकला राष्ट्रीय मंत्री अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली ने विचार प्रस्तुत किए।

समिति के मंत्री रामकृपाल लालासी से वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अतिथियों व विश्वकर्मा कल्याण समिति के अध्यक्ष भंवरलाल चोयल द्वारा समिति के सहयोगी व भामाशाह बनवारी खण्डेलसर, मुकन्दराम बासणी, लालचन्द सबलपुरा, हरिप्रसाद गोकुलपुरा, शिवदयाल भादवासी, रामगोपाल पंवार, सत्यनारायण बड़वाड़िया, राजेन्द्र जेरठी, शुभकरन लालासी, पूर्णमल जांगिड रेडियो, दीपचन्द धामु, बिरदीचंद दुल्ला की ढाणी, सुखदेव पलथाना, मूलचन्द सूठोठ, हरिनारायण चला, केसदेव दूजोद, सांवरमल, बनवारीलाल पिरोहित की ढाणी, मदनलाल पूर्व सरपंच माण्डोता, गिरराज चिराणा, रामकरण खूडी, ओमप्रकाश गोकुलपुरा आदि को प्रशस्ती पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट किए गए।

इस दौरान बालचंद डाबला अध्यक्ष नीमकाथाना, लखनलाल राष्ट्रीय मंत्री जां.ब्रा. महासभा, चिरंजीलाल अध्यक्ष जां. विकास समिति अजीतगढ़, ओमप्रकाश सरपंच भोपिया, रामकुमार रूल्याणा, ओमप्रकाश सरपंच खाकोली (चूडोली), बजरंगलाल बधानिया अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर सीकर, केदार खाटू, दिनेश उदयपुरा, भंवरलाल धामू पूर्व सरपंच, भंवरलाल सूठोठ, घनश्याम जांगिड, ओमप्रकाश पचलंगी, मोहनलाल बरसिंगपुरा, प्रहलाद खण्डेला, मोहन पार्षद रिंगस, मोहन पुजारी का बास, मंगल बधानियां, राजेश घस्सीपुरा, प्यारेलाल रानोली, राजेश वर्धा कॉलेज, मक्खनलाल कान्हा रेस्टोरेंट, कृष्ण कुमार उपसरपंच रामपुरा थोई, सुभाषचंद चारा का बास, भंवरलाल पूर्व सरपंच रायधना, सीताराम पूर्व सरपंच सांवलोदा, राहुल आभावास, जगनाराम धामू बिराणिया सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। संचालन विश्वनाथ पनलावा व कन्हैयालाल ने किया-

**-कन्हैयालाल (प्रवक्ता)**

श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर, मो. : 7742774730

## श्री वंश सुथार समाज 27 गाँव आबू गौड़ द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता एसपीएल-2 का शुभारंभ सिरोही में

श्री वंश सुथार समाज 27 गाँव आबू गौड़ द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता एसपीएल-2 का भव्य शुभारंभ 20 अक्टूबर, 2017 को होगा तथा समापन 22 अक्टूबर, 2017 को होगा। कार्यक्रम स्थल : राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही, पैवेलियन।

श्री वंश सुथार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता श्री मंछाराम सुथार (आर.एच.जे.एस., वरिष्ठ न्यायाधीश, सी.बी.आई. कोर्ट, जोधपुर) एवं श्री कैलाश सुथार सरपंच ग्रा.पं. झाड़ोली तथा श्री रजत सुथार प्रदेश सचिव अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ राज. के आतिथ्य एवं मार्ग दर्शन में होगी। मैच में सहयोगकर्ता टी शर्ट-श्री लक्ष्मी वुडन अहमदाबाद, पुरस्कार-महालक्ष्मी टिम्बर सिरोही, डी.पी. साउण्ड, श्री खुमा जी तोला जी मालगांव तथा जल व्यवस्था श्री कस्तुर जी खुशाल जी उडवारिया द्वारा की जाएगी।

मैच में इनामों की भी घोषणा की गई, जिनमें लगातार 3 छक्कों पर 500/-रु., लगातार तीन चौकों पर 250/-रु., हैट्रिक पर 501/-रु. तथा अनुशासित टीम को 1100/-रु. की राशि श्री हिन्दुराम जी सवाजी, दांतराई द्वारा दी जाएगी। अर्धशतक पर 251/-रु. तथा शतक पर 501/-रु. स्व. भलाजी लीलाजी सुथार की ओर से, मैन ऑफ द मैच 201/-रु., मैन ऑफ द सीरिज 1100/-रु., शतक पर 501/-रु. लगातार तीन छक्कों पर 501/-रु., लगातार छक्कों पर 101/-रु. तथा हैट्रिक पर 201/-रु. की राशि खुशाल जी, लीला जी, दांतराई द्वारा, सर्वाधिक छक्कों पर 501/-रु. सर्वाधिक विकेट पर 501/-रु., सेमी फाईनल व फाईनल मैच में मैन ऑफ द मैच की 501/-रु. श्री छोगालाल जी सवा जी, दांतराई द्वारा तथा प्रथम विजेता टीम को 1501/-रु. तथा प्रथम उपविजेता को 1101/-रु. की राशि श्री नथमल जी गेनाजी, दांतराई द्वारा प्रदान की जाएगी।

इस लीग मैच के लिए कई भामाशाहों द्वारा अनुदान राशि भी आयोजन कर्ताओं को प्रदान की तथा भोजन व्यवस्था भी भामाशाओं द्वारा तथा समाज बन्धुओं द्वारा की गई।

## जांगिड ब्राह्मण विद्यार्थी छात्रवृत्ति कोष (रजि.) द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह 5 नवम्बर, 2017 को

जांगिड ब्राह्मण विद्यार्थी छात्रवृत्ति कोष (रजि.) द्वारा पूर्व विद्यार्थी मिलन, आर्थिक सहायता वितरण समारोह एवं साधारण सभा की बैठक दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को जांगिड धर्मशाला हिसार (हरियाणा) में आयोजित किया जाएगा।

## श्री अंगिरा आश्रम एवं छात्रावास समिति द्वारा 23 अक्टूबर, 2017 को दीपावली स्नेह मिलन एवं एफ.डी. वितरण समारोह का आयोजन

23 अक्टूबर, 2017 को श्री अंगिरा आश्रम एवं छात्रावास समिति संचालक जां.ब्रा. सामूहिक विवाह आयोजन समिति गोकुल सिटी, गोपालपुरा रोड़, कोटपूतली, जयपुर अपनी द्वितीय स्थापना दिवस पर दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट एवं एफ.डी. वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता श्री घनश्याम शर्मा पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर एवं श्री हंसराज पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता कोटपूतली के

मुख्य आतिथ्य में होगा।

इस अवसर पर प्रातः 11.15 बजे दीप प्रज्वलन एवं देव पूजन, 11.30 बजे अतिथि स्वागत, 12.15 बजे षष्ठम् सा.वि. सम्मेलन की आय-व्यय पत्रिका एवं सप्तम् सा.वि. एवं सामाजिक सम्मेलन के पम्पलेट का विमोचन तथा 12.30 बजे षष्ठम् सा.वि. सम्मेलन में विवाहित जोड़ों को एफ.डी. वितरण, दोपहर 1.00 बजे अतिथियों का सम्बोधन एवं 1.15 बजे दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : कैप्टन हेमराज जांगिड (अध्यक्ष) 9887491234, श्री रोहिताश्व जांगिड (महामंत्री) 7727838999, श्री कैलाश चन्द्र जांगिड (कोषाध्यक्ष) 7976716355

### विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह 28 अक्टूबर, 2017 को

28 अक्टूबर, 2017 को विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन जांगिड ब्राह्मण समाज मठ, गेट नं. 2, बसंतकुंज नजदीक छत्तरपुर मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि श्री प्रभुदयाल शर्मा नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश, श्री कांतिप्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज. तथा समारोह की अध्यक्षता श्री कैलाश चन्द्र बरनेला (राष्ट्रीय प्रधान महासभा) करेंगे। दीप प्रज्वलन श्री प्रकाश चन्द शर्मा (प्रकाश मशीन टूल्स) एवं सहयोगीगण, झण्डा अभिवादन श्री लीलूराम शर्मा (चैयरमेन शिरोमणी सभा, हरिद्वार) एवं सहयोगीगणों द्वारा, मुख्य प्रवक्ता श्री के.डी. शर्मा (एडवोकेट), स्वागताध्यक्ष : श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री गंगादीन जांगिड (अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर कमेटी पहाड़गंज) एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड (प्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट), मंच संचालन श्री रमेश चन्द सीदड़ (मुख्य चुनाव अधिकारी अ.भा.जां.ब्रा. महासभा), श्री चन्द्रपाल भारद्वाज (पूर्व अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट) द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम : प्रातः 10.15 बजे दीप प्रज्वलन, प्रातः 10.20 बजे विश्वकर्मा आरती, ध्वजारोहण प्रातः 10.30 बजे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे, अतिथि स्वागत दोपहर 12 बजे, छात्रवृत्ति वितरण दोपहर 12.15 बजे, आय-व्यय का ब्यौरा दोपहर 1.00 बजे तथा प्रसाद वितरण दोपहर 1.30 बजे होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए : श्री कैलाश चन्द जांगिड (अध्यक्ष) मो. 9811487233, श्री अनिल कुमार जांगिड (महामंत्री) मो. 9810988553, श्री प्रेमचन्द शर्मा (कोषाध्यक्ष) मो. 9810072969

### ''मालाणी युवा उमंग'' गुड़ामालानी (बाड़मेर) में 22 अक्टूबर, 2017 को

अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ गुड़ामालानी एवं सुथार समाज संस्थान गुड़ामालानी के संयुक्त तत्वावधान में ''मालाणी युवा उमंग'' के अन्तर्गत युवा कौशल विकास शिविर, प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 22 अक्टूबर, 2017 को प्रातः 8 बजे से श्री विश्वकर्मा मन्दिर, सुथार समाज संस्थान, धोरीमन्ना रोड़, गुड़ामालानी (बाड़मेर) राज. में आयोजित किया जाएगा।

समारोह की अध्यक्षता श्री मनोहर सुथार (उद्योगपति दुबई) द्वारा की जाएगी एवं समारोह के मुख्य अतिथि श्री चुनाराम सुथार (आई.आर.एस.) होंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री शंकर लाल जांगिड (आई.आर.एस.), श्री मंसिंगाराम सुथार (डी.टी.ओ.) तथा डॉ. हुकमाराम जी (प्राचार्य गर्ल्स कॉलेज, बाड़मेर) तथा कई उद्योगपति एवं प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित होंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 8107887472, 9636440221, 9950564351, 9413866323

### छपते-छपते

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के ''प्रधान'' पद हेतु नामांकन दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर, 2017 को प्रातः 11.30 बजे से 4.00 बजे तक स्थान : कार्यालय जस्टिस वी.के. गुप्ता जी, ई-31, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110014 पर आमन्त्रित किए गए।

आज दिनांक 11 अक्टूबर, 2017 सायं 4 बजे तक निम्नलिखित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भर कर जमा करवाए।

1. श्री विद्यासागर जांगिड, 429, सेक्टर-5, गुड़गाँव (हरियाणा)
2. डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा, 62, उदयगंज रोड़, लखनऊ (उ.प्र.)
3. श्री बलराज जांगड़ा, सी-39, सेक्टर-49, 50, गुड़गाँव (हरियाणा)
4. श्री नेमीचन्द शर्मा, बी-770, सपना नगर, गाँधीधाम (गुजरात)
5. श्री मोहनलाल जांगिड, ई-276, सपना नगर, गाँधीधाम (गुजरात)
6. श्रीमती पुष्पा शर्मा जांगिड, 1037/5, पटेल नगर, गुड़गाँव (हरियाणा)
7. श्री रविशंकर शर्मा, 157, इन्द्रा कॉलोनी, जयपुर (राजस्थान)
8. श्री शिवनारायण शर्मा, शिव कृषि फॉर्म, चौमूं, जयपुर (राजस्थान)
9. श्री रविशंकर शर्मा, 157, इन्द्रा कॉलोनी, जयपुर (राजस्थान)
10. श्री नन्दलाल जांगिड, चारण का बास, खण्डेला, सीकर (राजस्थान)
11. श्री महावीर सिंह जांगडा, मुंढाल, जिला-भिवानी (हरियाणा)
12. श्री ललित शर्मा, रामगंज, अजमेर (राजस्थान)

13 दिसम्बर, 2017 को नाम वापसी की तिथि है। विस्तृत जानकारी अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी।

### ऐसे इस संसार को जीतो

ऐसे इस संसार को जीतो। कामबली जीतो संयम से।।
क्रोध को दया विचार से जीतो। ऐसे इस संसार को जीतो।।
कड़वे को कड़वा मत बोलो। जहर के बदले अमृत घोलो।
बदगुमयाँ मगरूय को अपने। मधुर-मधुर व्यवहार से जीतो।।
ऐसे इस संसार को जीतो। जीतो जुल्म सहन शक्ति से।
बदी हारती है नेकी से। लोभ किए संतोष है थोड़ा।।
मोह त्याग तलवार से जीतो। ऐसे इस संसार को जीतो।।

**सफलता प्राप्त करने एवं ऊँचाईयों को प्राप्त करने हेतु सतत् प्रयत्न और जबरदस्त इच्छा रखो। यह सब स्वयं पर विश्वास से ही संभव हो पाएगा। तुम संसार में बहुत लोगों पर तो विश्वास रखते हो फिर स्वयं के प्रति अविश्वास क्यों?**